तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

12 कबड्डी प्रतियोगिता में मस्तूरी टीम प्रथम



11 आलीखूंटा स्कूल में नेवता भोज कराया गया





## खबर संक्षेप

### गांजा व शराब की अवैध बिक्री से माहौल बिगड़ा

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डोंडी के सबसे बड़े ग्राम कुसुमकसा में अवैध शराब, गांजा और नशीली गोलियों की खुलेआम बिक्री हो रही है। नाबालिग और बेरोजगार युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में हर गली-चौराहे पर कोचियों द्वारा 24 घंटे शराब उपलब्ध कराई जा रही है। इससे बच्चों और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं घर-घर में विवाद और मारपीट की घटनाएं बढ़ गई हैं। महिलाएं भी घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं। ग्राम पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति शासकीय भवन, मंदिर प्रांगण या सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते या नशे में उपद्रव करते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी जाएगी।

### घरेलू विवाद पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पति व पत्नी में विवाद इतना बढ़ा कि गाली गलौज व मारपीट की नौबत आ गई, जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामले मे पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत मामला पंजीबद्व कर लिया है। बालोद निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि घर में दो बच्चे, पति– पत्नि रहते है, मेरे पति जो मकान बनाने का ठेकेदारी का काम करता है। 16 सितंबर को शाम 05 बजे घर के आंगन में बैठी थी, उसी समय मेरे पति व मेरे मध्य अवैध संबंधों की बातों को लेकर आपस में विवाद हुआ, तब मेरे पति ने मुझे झूठा आरोप लगाती है कहकर गाली देने लगा, तब मैने पति को गाली देने से मना किया तो मेरा पति मुझे धमकी देकर घर में रखे लोहे के पाईप से सिर को मारा है, जिससे मेरे सिर में चोट लगी है, मारपीट करने के बाद मेरा पति मुझे कार से जिला अस्पताल बालोद में लाकर भर्तएँ किया है।

### शराब के नशे में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शराब पीने गए युवको को गांव के ही एक युवक ने शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित युवक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमे पुलिस ने 115(2), 296 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड क्र. 13 आमापारा संजारी निवासी घनश्याम निषाद ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर के रात्रि करीबन 8.40 बजे मैं अपने बडे पिताजी के लड़का केशू निषाद के साथ देशी शराब दुकान संजारी गया था। शराब खरीदने के बाद मैं केशू राम निषाद के साथ शराब भट्ठी से बाहर घर जाने निकल रहा था, उसी समय मूलचंद कोठारी निवासी स्कूल पारा संजारी जो मुझे देख कर नशे के हालात में जबरदस्ती मुझे गाली गलौच करने लगा, जिसे मैं गाली गलौच करने से मना किया तो वह मुझे गाली गलौच कर डंडा से मारपीट किये, जिससे मेरे सिर में चोंट आया।

### फसल चराने पर विवाद किसान से मारपीट

**बालोद।** फसल को मवेशी द्वारा चरने की शिकायत मवेशी मालिक से करने पर मवेशी मालिक ने पीड़ित व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली गलौज की। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम टेकापार निवासी रामलाल कुर्रे ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर के शाम को मैं गांव के ओंकार को बोला अपने मवेशी को छोड देते हो, जो हमारे खेत में जाकर दो तीन बार खेत के धान को चर दिया है, बांधकर रखो, उसके बाद रात्रि करीबन 08 बजे मैं खाना खाकर गांव के गौरा चौरा के पास टहल रहा था, उसी समय ओंकार यादव और उसका लडका हेमचंद, बडा लडका का नाम नहीं जानता तीनों मिलकर गाली गलौच कर जान से मारने की ▶▶ शेष पेज 10 पर

# स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान गुरूर का विधायक संगीता ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकास खण्ड गुरूर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल उईके के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार आभियान का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में विधायक संगीता सिंह एवं सुनीता संजय साहू के आतिथ्य में आभियान का शुभारंभ किया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा आभियान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाएं परिवार व समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जिनके सेहत का ख्याल रखना हम सभी की जिम्मेदारी हैं, महिलाएं आज की व्यस्ततम जीवन शैली, अनियमित खान पान व जानकारी के अभाव में समय पूर्व गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

जैसे गैर संचारी रोग के अंतर्गत कैंसर, शुगर, बीपी, सिकल सेल, रक्त अल्पता कुपोषण एवं अन्य बीमारियां हैं, जिनका समय पूर्व निदान कर निजात पाया जा सकता है। इसी के तारतम्य में आज भारत सरकार द्वारा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार आभियान जो किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए एक सशक्त परिवार बनाने साबित होगी इस आभियान में 14 वर्ष से 49 के वर्ष सभी किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं का शिविर स्थल पर स्वास्थ्य जाँच व उपचार किया जाएगा ▶▶ शेष पेज 10 पर

## महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विशेष पहल



### ये रहे मौजूद

उक्त अवसर पर अंकुश दीवान, डॉ तुषार कोसमा, बीईटीओ केआर. उर्वशा, नर्सिंग सिस्टर ललिता ठाकुर, फार्मासिस्ट मिथलेश साहू, विवेक देवांगन, ओएओ डिगेश देवदास, फार्मासिस्ट भुनेश्वरी वर्मा, स्टाफ नर्स नीलिमा धुव, नर्स फुलेश स्टाफ स्टॉफ नर्स पद्मनी तारम, एजी 3 मुरली यादव, एजी 3 नरेश सिन्हा, जगदीश सोनवानी, मोतीम यादव, मीरा साहू, कामिन यादव, लिखेश्वरी, माखन उपस्थित थे।

**सम्मान :** निर्वाचन कार्य के उत्कृष्ट अधिकारियों को कलेक्टर मिश्रा ने किया सम्मानित

# जिले में 98 प्रतिशत डिजिटल फसल सर्वे पूर्ण, उत्कृष्ट अफसरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के अधिकारी–कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के फलस्वरूप बालोद जिला शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से शासन के प्रत्येक मानकों में विशिष्ठ उपलब्धि हासिल करते हुए प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी है।

उन्होंने कहा कि जिले को यह उपलब्धि जिले में पदस्थ सभी निष्ठावान एवं अपने कार्य के प्रति समर्पित अधिकारियों के योगदान के फलस्वरूप संभव हो पाया है। कलेक्टर मिश्रा विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुण्डरदेही विकासखण्ड के अधिकारी–कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित उत्कृष्टता सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थीं। इस अवसर उन्होने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उत्कृष्टता सम्मान समारोह के अवसर पर गुण्डरदेही अनुविभाग में त्रिस्तरीय पंचायत तथा नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, पीठासीन अधिकारियों के अलावा मतदान ▶▶ शेष पेज 10 पर





### पटवारियों ने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिक: मिश्रा

इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि राजस्व विभाग के निचले क्रम के सबसे महत्वपूर्ण अमला पटवारियों का कार्य 24 घण्टे का होता है। इसके उपरांत भी पटवारियों ने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, इसके अलावा निर्वाचन कार्य में लगे गुण्डरदेही विकासखण्ड के अधिकारी–कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन किया है। जिसके फलस्वरूप त्रिस्तरीय पंचायत तथा नगरीय निकाय आम निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। मिश्रा ने कहा आप लोगों के कार्य के बदौलत ही जिले में शासकीय योजनाओं का हम सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पाते है। मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य के अलावा बालोद जिला सुशासन तिहार, गमएँ में पेयजल की समुचित व्यवस्था, वृहद वृक्षारोपण अभियान जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं एवं जनहित के कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि आप सब की बदौलत ही हम वृहद वृक्षारोपण ▶▶ शेष पेज 10 पर

# शराब खरीदने लगी लाइन को तोड़ने पर हुई मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शराब लेने के लिए लाईन से आगे निकल जाने पर लाईन मे पीछे लगे एक व्यक्ति ने आगे निकले व्यक्ति के साथ मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने 109 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम कलंगपुर नंदी पारा निवासी भिलाई स्टील प्लांट में हमाली का काम करने वाले पीताम्बर सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर को अपने गांव से देसी प्लेन शराब लेने गुंडरदेही शराब भट्टी में करीबन 3:45 बजे लाइन में लगा था, जहां मैं मौका पाकर एक व्यक्ति के आगे हो गया, जिसे देख मेरे पीछे लाइन में लगे शुभम यादव उर्फ टाइगर गुंडरदेही निवासी ने गाली देते हुए कहा हम लोग इतने समय से लाइन में लगे हैं, क्यों आगे बढ़ गया और वह गालियां देते आज तुझे जान से मार दूंगा कहते पीछे से मुझे पकड़ कर खींचते हुए शराब भट्टी के गेट के बाहर ले जाकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तब मैं अपने बचाव किया तो मेरा हाथ की नाखून से उसके चेहरे में नाक के पास चोट आया है जिसके बाद उसने मुझे पीछे से पकड़ कर अपने पास जेब में रखे धारदार नुकीली वस्तु से बाएं गाल बाएं कान के नीचे वार कर गंभीर चोट पहुंचाया है। जिससे खून निकला है और असहनी दर्द हो रहा।

### युवक से की मारपीट चार के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजीश को लेकर तालाब के पास बैठे बैंक के रिकवरी एंजेट को चार लोगो ने मिलकर मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक द्वारा चारों लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम खपरी लाटाबोड़ निवासी संजय जांगड़े ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में कुन्दरूपारा बालोद शीतल ग्रीनसिटी में रहता हूं। आई.डी.एफ.सी. बैंक बालोद में रिकवरी एजेंट का काम करता हूं। 17 सितंबर को रात्रि 07.30 बजे मैं कुन्दरूपारा बालोद तालाब के पास बैठा था, वहां पर और भी लोग बैठे हुये थे तभी कुन्दरूपारा अटल आवास के लड़के रोशन नेताम, मनीष यादव, पिन्टु शर्मा एवं करण ऊर्फ कोतरी मेरे पास आये। रोशन नेताम मुझे बोला कि पिछले माह तुम लोग मेरे साथ लड़ाई झगड़ा मारपीट किये थे, आज मैं तुम्हे नहीं छोड़ुंगा नही, जान से मार दुंगा, कहकर गाली गलौज करते हुये, रोशन नेताम, मनीष यादव, पिन्टु शर्मा एवं करण ऊर्फ कोतरी ▶▶ शेष पेज 10 पर

# क्वांर नवरात्रि पर 22 सितंबर से मंदिरों में होंगे अनेक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

क्वांर नवरात्रि को मात्र तीन दिन शेश है। 22 सितंबर से क्वांर नवरात्रि प्रारंभ होगी। इसके लिए देवी मंदिरों, अन्य मंदिरों एवं दुर्गा समिति के द्वारा अपनी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नगर के प्राचीन काल भैरव देऊर मंदिर मे रंग रोंगन का कार्य अंतिम चरण में है। मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया जा रहा है।यहां नवरात्रि की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। मंदिर प्रांगण में तेल एंव घी की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जायेगी। इस वर्श लगातार हो रही बारिश को देखते हुए मंदिर समितियों एवं दुर्गा नियोजन समितियों के द्वारा विशेष सावधानी बरती जा रही है। पुरातात्विक संरक्षित काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में 22 सितम्बर को प्रातः 11:36 से घट स्थापना की जायेगी।

पंचमी पूजा 26 सितंबर को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। 29 सितंबर को महानिशा पूजा रात्रि 12 बजे से प्रारंभ होगा। 30 सितंबर को महा अष्टमी पूजा रात्रि में की जायेगी। 1 अक्टूबर को दोपहर में कुंवारिका भोजन, हवन एवं पुर्णाहुति होगी। 2 अक्टूबर को शोभा यात्र निकाली जायेगी।मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय ने बताया कि समस्त अनुष्ठान निर्धारित समय पर होगा। 21 सितंबर को बेदी निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। 22 सितंबर को वेद मंत्रे के साथ माता रानी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। प्रतिदिन संध्या माता सेवा का आयोजन होगा।



### दुर्गा पंडाल निर्माण में करंट से 19 वर्षीय युवक की मौत

**बालोद/दल्लीराजहरा।** नवरात्रि उत्सव की तैयारियों के बीच दल्लीराजहरा शहर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। गोपाल टेक्सटाइल्स के सामने गुप्ता चौक पर दुर्गा पंडाल निर्माण के दौरान बीती रात करंट की चपेट में आने से 19 वर्षीय नवयुवक की मौत हो गई। उत्सव की रौनक के बीच घटित इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम घोटिया निवासी डेमन उर्फ डेविड रावटे, पिता अजीत रावटे, अपने साथियों के साथ देर रात पंडाल तैयार करने में जुटा हुआ था। करीब 3 बजे अचानक वह एलटी लाइन के संपर्क में आ गया। आनन-फानन में डेमन को शहीद अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दल्लीराजहरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



# मेडिको-लीगल रिपोर्टिंग पोर्टल पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने किया वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मेडिको–लीगल रिपोर्टिंग पोर्टल के संबंध में बालोद पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य मीटिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। पुलिस सीसीटीएनएस पोर्टल एवं जिले के शासकीय अस्पताल के बीच डिजिटलाइज माध्यम से एमएलआर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट की एंट्री व डाटा एक्सेस करने के संबंध में जानकारी दी गई। जिला अस्पताल बालोद के सीएमएचओ एवं जिले के समस्त बीएमओ की उपस्थिति में पोर्टल पर डाटा एंट्री/एक्सेस ऑपरेटिंग सिस्टम पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस वर्कशॉप में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य मेडिको–लीगल केस तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की तैयारी एवं उनके डिजिटलीकरण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। हॉस्पिटल मैनेजर कल्याण सिंह एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटर आर. कृष्णा यादव के द्वारा वेबसाइट पर आईडी पासवर्ड निर्माण, यूज़र इंटरफेस एवं रिपोर्ट एंट्री प्रक्रिया की जानकारी दी गई। यह प्लेटफ़ॉर्म राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य पुलिस एवं शासकीय अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। डॉक्टर अब सीधे ऑनलाइन माध्यम से एमएलसी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर सकेंगे ▶▶ शेष पेज 10 पर



**यू-डाइस जानकारी पूरी करने के लिए छात्रों ने स्व-स्फूर्त बल्ड ग्रुप जांच कराई**

# शिविर में 80 विद्यार्थियों का ब्लड परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

- प्राचार्य पीएल बारले और डाकेश्वरी साहू की देखरेख में सफल बल्ड ग्रुप शिविर

शासन को स्कूलों द्वारा दी जाने वाली यू डाइस जानकारी में विद्यार्थियों का बल्ड ग्रुप का उल्लेख अपेक्षित होती है। अनेकों विधार्थियो के पास बल्ड ग्रुप की जानकारी नहीं होने से यू डाइस कार्य अधूरा होने लगा था, बल्ड ग्रुप कराने में पालक भी परेशानी महसूस करने लगे।

पालकों एवं विधार्थियो की समस्या का हल निकालने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्रबंधन ने विद्यालय में न्यूनतम रियायती दर पर गुरुवार को बल्ड ग्रुप शिविर का आयोजन किया। जिसमें प्राचार्य पीएल बारले विद्यालय सफाई सेवक अवध मंडावी एवं डाकेश्वरी साहू के अलावा 80 विधार्थियो ने बल्ड ग्रुप जांच कराया तत्पश्चात बल्ड ग्रुप का कार्ड प्राप्त किया। विदित हो कि विधार्थियो को विद्यालय एवं कक्षा ग्रुप के माध्यम से बल्ड ग्रुप शिविर की सूचना प्रसारित की गई थी। जिससे इच्छुक विद्यार्थियों पालकों ने लाभ लिया।



### बल्ड ग्रुप जांच शिविर की सराहना

बल्ड ग्रुप जांच शिविर में सहयोग के लिए प्राचार्य पीएल बारले ने दंतेश्वरी पैथोलॉजी जामगांव आर का आभार व्यक्त किया। शिविर में बायोलॉजी एक्सपर्ट द्वय दिव्या चंद्राकर एवं शशि यादव का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में बल्ड ग्रुप जांच कराने के इच्छुक पूर्व प्राथमिक प्राथमिक मिडिल हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विधार्थियो ने स्व स्फूर्त कतार बद्ध होकर बारी बारी से बल्ड ग्रुप जांच कराए। पालकों ने विद्यालय प्रबंधन की बल्ड ग्रुप शिविर की कंठ मुक्त सराहना करते हुए कहा कि प्रबंधन की दूर दृष्टी के कारण बल्ड ग्रुप जांच कराने में पालकों को समय अपव्यय राशि की अधिकता विधार्थियो की पढ़ाई नुकसान सब बचत हुआ।

# कुसुमकसा-सिंघनवाही पीएम सड़क मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

- ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की उठाई मांग

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी कुसुमकसा से सिंघनवाही सड़क जगह-जगह उखड़ने लगी है। खासकर कुसुमकसा–दल्लीराजहरा रेल फाटक के पास बड़ा गड्ढा बनने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। बरसात में पानी भरने से दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक अक्सर हादसों का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे फाटक के दोनों ओर करीब 100-100 मीटर सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे यह स्थिति बनी। पूर्व जनपद सदस्य ने मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और छोड़ी गई जगह पर सड़क निर्माण की मांग की है। इस मार्ग से गुंडराटोला, अडजाल, खलारी, पल्लेकसा, धोबनी, सिंघनवाही, घोटियां सहित कई गांवों के लोग आते-जाते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ईई से संपर्क किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली।



## खबर संक्षेप



### मिस्त्री संघ ने विश्वकर्मा जयंती मनाई

**डौंडीलोहारा।** मिस्त्री संघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांती प्रकाश सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, लाल निर्वेद टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा, राजाराम तारम सदस्य जिला पंचायत बालोद, नीलिमा श्याम सदस्य जिला पंचायत बालोद, निर्भय भंडारी सदस्य जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, डिकेश गांवरे सरपंच झरनटोला, गजरू भंडारी ग्राम पटेल सहित सोनू राम गांवरे, नथेला भंडारी, सोमनाथ कोसमा, भानू करियाम, मिस्त्री संघ के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत के पंचगण, स्वच्छता हितग्राही समूह की महिलाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार ठाकुर, शिक्षक झरनटोला ने किया तथा आभार प्रदर्शन नूतन चुरेन्द्र, शिक्षक मिडिल स्कूल झरनटोला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मनोरंजन हेतु रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### छात्र 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में प्रतिभा दिखाएंगे



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया के छात्र 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता जगदलपुर दुर्ग संभाग से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे, जिसमें कल्पना कक्षा दसवीं के छात्र तावा फेक, चौन गोला–फेक में तनुजा कक्षा 12वीं इसी प्रकार तवा फेंक चौन गोला फेंक में दुर्गेश कुमार कक्षा 12वीं के छात्र भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र–छात्रओं को प्राचार्य केडी पुराईन, कोच सह पीटी आई प्रमोद सिंन्हा, एल गिलहरे, शैलेंद्र चेलक, हेमंत हिरवानी, हिमांशु हिरवानी, राजेश वर्मा, रोहित चुरेंद्र, विनय चंद्राकर, पूर्णोत्तम साहू सहित संपूर्ण शालेय परिवार ने हर्श व्यक्त की।

### किसान संघ ने समस्याओं लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**गुरूर।** भारतीय किसान संघ बालोद के तत्वाधान में ब्लॉक के पदाधिकारियों द्वारा 18 सितंबर गुरूवार को तहसीलदार हनुमंत श्याम को विभिन्न समस्या पर आधारित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला मंत्री चाणक्य लाल यादव, गुरूर ब्लाक अध्यक्ष जीवन लाल साहू, लक्ष्मीचंद धनकर, यशवंत पुरी गोस्वामी, खिलेश्वर साहू, उमाशंकर साहू, मोतीलाल साहू, जीवन भुआर्य, नारायण साहू, लीला राम सिन्हा, मनोज साहू, हरीश हिरवानी सहित किसान उपस्थित थे।

## आयोजन

### जय बजरंग मंडली बनी प्रथम विजेता

# रामधुनी स्पर्धा में अंचल की मंडलियों ने प्रस्तुत की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम खोरदो में तीन दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता में जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार विजेता रही। जय बजरंग रामधुनी मंडली आमापारा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मनमोहन रामधुनी मंडली सोंहतरा ने तीसरा स्थान प्राप्त कियां।

ग्राम खोरदो में बीते 56 सालों से लगातार अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित की जा रहीं है। यह क्रम अनवरत जारी है। कोरोना काल में भी अखण्ड राम नाम जाप का आयोजन किया गया था। रामधुनी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मण्डावी थे।

अध्यक्षता जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव ने किया, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर, जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मिर्रीटोला टुके"वर पाण्डेय, नगर पंचायत गुण्डरदेही उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पूर्व सरपंच झलमला पालक ठाकुर, सरपंच अरकार उत्तरा मरकाम मंच में उपस्थित थे। मोहन मण्डावी ने कहा रामचन्द्र जी के सुमरन से दिनो–दिन उन्नति होती है। उन्होने कई सच्ची घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे भगवान राम विपरीत परिस्थितियों में सहारा प्रदान करते हैं एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त





करते हैं। मोहन मण्डावी ने कहा जिसने राम का विरोध किया उसका देश में क्या हाल है।यह सभी प्रत्यक्ष देख रहें है।

जन सेवक राकेश यादव ने कहा राम कथा को मत छोड़ो। रामायण में मानव जीवन की हर समस्या का समाधान है। आव"यकता उसके अध्ययन करने की है। राकेश यादव ने कहा ग्राम में विकास की कमी नही होगी। क्षेत्र के विकास की गति कार्य रोक नहीं सकती।

पुष्पेन्द्र चन्द्रकार ने कहा जहां प्रभुराम का नाम लिया जाता है वहां पीढ़ी संस्कारवान होती है। जो राम का भक्त होगा उसे कोई भी बाधा रोक नहीं सकती। भाजपा सरकार में विकासकार्यों के साथ परिवार, व्यक्ति का विकास हो रहा है। आज ग्रामीणों को छोटी–छोटी समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। सरकार स्वयं जनता के पास पहुंच उसकी समस्या सुनकर उसका समाधान कर रहीं है।

संध्या अजेन्द्र साहू ने ग्राम तालाब में पचरी सह शेडनिर्माण के लिए दो लाख देने की घोशणा की। जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर ने रामायण मंच के सामने सीमेंटीकरण को पूर्ण करने 2 लाख देने की घोशणा की।


ग्राम में चले तीन दिवसीय अखण्ड रामधुनी के दौरान लगातार 72 घंटो रामनाम का जाप चलता रहा। समापन समारोह के दौरान भी मंच पर ग्राम की बालिकाओं ने राम नाम का जाप जारी रखा। उनकी लगन, तनमयता को मंच के कार्यक्रम भी प्रभावित नहीं कर सके। रामधुनी प्रतियोगिता में चौथा स्थान छत्तीसगढ़ लोकप्रिय बालकृष्ण रामधुनी मंडली बोईरडीह ने प्राप्त किया। पांचवे स्थान पर जन बजरंग रामधुनी मंडली धामनसरा रही।

जय रानी माई रामधुनी मंडली कुरूभाट को झांकी में, जय मां खल्लारी रामधुनी चिरपोटी को श्रेष्ठ गायन में, जय सरस्वती रामधुनी मंडली कसही को वेशभूशा के लिए एवं जय सरस्वती रामधुनी मंडली दैहान को गायन के लिए सम्मानित किया गया

प्रतियोगिता के निर्णायक मदन सोकरे, भागबली, सुकरे गुरूवाणी, नोत्तम साहू थे। मंच संचालक पूरन भेंसले, रघुनाथ साहू, बेनूराम गुरूवाणी ने किया।

कार्यक्रम विकास समिति अध्यक्ष हेमनाथ साहू, उपाध्यक्ष गौकरण गंगबेर, सचिव सोमेश गुरूवाणी, कोशाध्यक्ष तामे"वर साहू, संरक्षकगण पंचराम साहू, रघुनाथ साहू, हेमलाल साहू, व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम विकास समिति के द्वारा किया गया।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में दिव्यांश स्वर्ण व सूर्यांश रजत पदक जीते




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एसजीएफआई के राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चौम्पियनशिप में बालोद से शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने मैडल जीता। 15 से 18 सितंबर तक नेताजी सुभाष स्टेडियम में एसजीएफआई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चौंपियनशिप में शाहिद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के दो खिलाड़ी दिव्यांश कुमार स्वर्ण पदक तथा सूर्यांश सोनी रजत पदक प्राप्त कर बालोद जिला को गौरवान्वित किया। एकेडमी के अध्यक्ष एवं बॉक्सिंग कोच किशोर नाथ योगी एक्स आमएँ ने बताया कि दोनों खिलाड़ी कक्षा आठवी के छात्र है और इन खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए शाला प्रबंधक एवं शाला प्राचार्य का विशेष योगदान रहा, जिस कारण ये खिलाड़ी दुर्ग जोन में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य के टीम में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर अकैडमी के संरक्षक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू, एकेडमी के उपाध्यक्ष मनीष ठाकुर, पूर्व बॉक्सर केपी तिवारी ने खिलाड़ियों को प्रात्साहित किया।

### ठेकवाडीह में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में बाबा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बाबा विश्वकर्मा समिति एवं ग्रामवासी के सहयोग से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई थी, जहां ब्राह्मण द्वारा मंत्रेचार के साथ बुधवार को पूजा अर्चना कर स्थापना की गई। गुरुवार को ढोल बाजे व नाचते गाते बाबा विश्वकर्मा की मूर्ति को विसर्जन किया गया, इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण शामिल हुए।

### आनंद पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा जयंती मनी



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बाबा विश्वकर्मा का पूजा-अर्चना बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन रखा गया, जिसमें सभी ड्राइवर और कंडक्टर अपनी-अपनी गाड़ियों के साथ उपस्थित होकर भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि एवं सुरक्षित यात्रा का आशीर्वाद प्राप्त किए। पूजन के दौरान संस्था के प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू, वी. के. साहू, लक्ष्मी ठाकुर, गोपीकिशन सुधाकर एवं गणपत उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं समस्त कर्मचारियों ने विश्वकर्मा भगवान के समक्ष सामूहिक आरती कर श्रद्धा अर्पित की। बाबा विश्वकर्मा से विद्यालय के निरंतर प्रगति एवं सबके कल्याण की कामना की।

# स्वास्थ्य शिविर में हुई विभिन्न रोगों की जांच



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गैंजी में स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु एमपीएस(एम) कैलाश अहिरवार, लेब टेक्नीशियन श्री खेमराज साहू, जानकी, ए.के. भांडेकर, एस. भौर्य, दुर्गा यादव, संतोष लाटिया, भीष्म राणा, श्याम सुंदर यादव सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा का पूरा स्टाफ सक्रिय रूप से सहयोग किया। शिविर में बीपी, शुगर, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टायफाइड सहित विभिन्न जांच की गईं। साथ ही महिलाओं की प्रेगनेंसी जांच भी की गई। सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।

# आदि कर्मयोगी अभियान में बनाई गई कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में कार्ययोजना बनाने तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही में 18 सितंबर, बड़भूम में 19 सितंबर, कपरमेटा में 20 सितंबर, नारागांव में 22 सितंबर, बोहारडीह में 23 सितंबर, डोकला में 24 सितंबर, चिरचारी में 25 सितंबर, अर्जुनी में 26 सितंबर, बगदई में 27 सितंबर और खैरडीगी में 29 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोरकापार में 18 सितंबर, ग्राम बोरगहन अ में 19 सितंबर, ग्राम लासाटोला में 20 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम खेरथाडीह में 18 सितंबर, ग्राम बोड़की में 19 सितंबर, ग्राम अमोरा में 22 सितंबर, ग्राम देवारभाट में 23 सितंबर, ग्राम मुल्लेगुड़ा में 24 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना में 18 सितंबर, ग्राम भीमकन्हार में 19 सितंबर, ग्राम रानाखुज्जी में 22 सितंबर, ग्राम भरदा में 23 सितंबर, ग्राम भंवरमरा में 24 सितंबर, ग्राम मंगचुवा में 25 सितंबर, ग्राम कोड़ेकसा में 26 सितंबर, ग्राम खोलझर में 29 सितंबर, ग्राम सहगांव में 30 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बोरिद, गिधाली, खम्हारटोला, कुमुड़कट्टा, पुसावड़, खुसऍटिकरी, ठेमाबुजुर्ग एवं पुत्तरवाही में 18 सितंबर, ग्राम अड़जाल, शिकारीटोला, ककरेल, धोतिमटोला, खैरवाही, कोपेडरा, नर्रालगुड़ा, सुरडोंगर एवं कुंजकम्हार में 19 सितंबर, ग्राम भैंसबोड़, धुर्वाटोला, रजही, साल्हे, कामता, बम्हनी, कुआगोंदी, कुर्रूटोला नयापारा, मंगलतराई एवं मड़ियाकट्टा में 20 सितंबर, ग्राम गुजरा, भरऍटोला 43, बिटाल, बोरगांव, नर्राटोला, कुसुमटोला, मरकाटोला, पेण्ड्री एवं ग्राम बेलोदा में 22 सितंबर, ग्राम सुवरबोड़, चिपरा, जाबुड़वाही, चिखली, सल्हाईटोला, अवारी, उरझे, पचेड़ा एवं सिंघोला में 23 सितंबर, ग्राम कुसुमकसा, अरमुरकसा, सिंगनवाही, कोटागांव एवं काकड़कसा में 24 सितंबर तथा ग्राम धोबेदण्ड और चिहरो में 25 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी।

# आदिवासी बहुल ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जनजातीय समुदाय को स्वच्छता शपथ दिलाई

केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बुधवार से प्रारंभ आदि सेवा पर्व के तहत बालोद जिले के चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में निरंतर आदि सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोरकापार, बालोद विकासखण्ड के ग्राम खेरथाडीह, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बोरिद, गिधाली, खम्हारटोला, कुमुड़कट्टा, पुसावड़, खुसऍटिकरी,



ठेमाबुजुर्ग एवं पुत्तरवाही में आज आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली आदि सेवा पर्व के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न आदिवासी बहुल ग्रामों में आयोजित आदि सेवा पर्व के दौरान बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

आदि सेवा पर्व के दूसरे दिन आज सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बकलीटोला में आयोजित आदि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आदि सेवा कर्मयोगी अभियान, आदि सेवा पखवाड़ा के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भुरकाभाट के देवगुड़ी स्थान में आयोजित आदि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के लोग शामिल हुए। इस दौरान मौके पर उपस्थित वालंटियरों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों ने आदिवासी वर्ग के लोगों को इनके कल्याण हेतु संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को साफ–सफाई की विशेष महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों से आदि सेवा पर्व के दौरान जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी सेवात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अभियान के अंतर्गत ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक गांव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। 02 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में इन योजनाओं का अनुमोदन होगा। ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, जहां शिकायत निवारण और सेवा वितरण की व्यवस्था होगी। साथ ही ग्राम विकास योजना क्रियान्वयन कैलेंडर बनाया जाएगा, जिससे योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू हो सकेंगी।

### बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना

# बालोद प्रदेश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनेगा: कलेक्टर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पोषण सप्ताह और कुपोषित बच्चों की देखभाल में अधिकारियों को पूरी निष्ठा से काम करने का निर्देश

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के बेहतर व उत्कृष्ट कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिला प्रदेश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने जा रहा है।

मिश्रा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के उन्मुखीकरण कार्यशाला के अवसर पर विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालोद जिले



को यह उपलब्धि पिछले दो वर्षों की अवधि के दौरान जिले में एक भी बाल विवाह का प्रकरण प्राप्त नही होने के फलस्वरूप मिलने जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इस संबंध में हमे पुलिस विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा शेष औपचारिकताओं को भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के अपने कार्य के प्रति लगन, समपर्ण एवं प्रतिबद्धता के फलस्वरूप संभव हो पाया है। मिश्रा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा संबंधित विभागों के समन्वय से जिले में चलाए गए निरंतर अभियान के फलस्वरूप हम इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल कर पाने में सफल हो पाए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारी–कर्मचारियों को बाल विवाह रोकथाम के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सुपरवाईजरगण विभागीय कार्यों के निर्वहन के अलावा निर्वाचन आदि अन्य शासकीय दायित्वों का भी निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है, इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को विभाग के प्रत्येक पैरामीटर में प्रथम स्थान अर्जित करने हेतु और अधिक उत्कृष्टता एवं बेहतर ढंग से अपने कार्यों का संपादन करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने पोषण सप्ताह के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए जिले के सभी कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के इस पुनीत कार्य में पूरी निष्ठा एवं मनोयोग के साथ कार्य करने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी कुपोषित बच्चों को अधिकारी–कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवियों आदि को गोद लेने के लिए प्रेरित कर उनके समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के वजन, ऊचाई मापन आदि यंत्रें के अलावा अन्य जरूरी सामग्रियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने विभाग की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु बैठक में उपस्थित परियोजना अधिकारियों, सुपरवाईजरों सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को सुझाव भी लिया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय ने भी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारियां दी।

## पेज 9 के शेष

### स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान ...

बच्चों का टीकाकरण, टीबी की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आभा कार्ड निर्माण एवं पाए गए गंभीर प्रकरणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी जाएगी। उक्त आभियान का उद्देश्य सभी किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को स्वास्थ्य का सम्पूर्ण जांच व आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा देकर जागरूक करना। यह आभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा जो सभी स्वास्थ्य संस्था व समुदाय स्तर पर आयोजित होगा। बच्चों में कुपोषण रक्त अल्पता विकार एक गंभीर शारीरिक समस्या है इससे शारीरिक बौद्धिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जिनसे गंभीर बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है, इनके बचाव हेतू संतुलित खान पान व चिकित्सिकीय जांच आवश्यक है, पोषण के अंतर्गत घर में बनने वाले पौष्टिक भोज्य पदार्थों का सेवन किया जावे, जंक फूड से दूर रहे, किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, उन्होने कहा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार आभियान में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच करावे एवं समुदाय के लोगों को प्रेरित करे। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि इस आभियान में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा पूरा लाभ उठावें, समय निकाल कर क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य जांच व परामर्श आवश्यक लेवे, यह एक महत्व पूर्ण आभियान है, जिनमें सभी प्रकार की सेवाएं दी जा रही हैं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं में रक्त अल्पता विकार, कुपोषण, सिकल सेल की पहचान व निः शुल्क परामर्श मिलेगा।

### जिले में 98 प्रतिशत ....

अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 सहित निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पटवारियों ने निर्वाचन कार्य को ...

अभियान के अंतर्गत जिले में 01 लाख 75 हजार पौधरोपण करने का कीर्तिमान हासिल कर पाए। इसके अलावा वर्तमान में बालोद जिला डिजिटल फसल सर्वेक्षण आदि के कार्य के क्रियान्वयन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में कुल 98 प्रतिशत डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो गया है। इस तरह से हम निर्धारित तिथि से बहुत पहले जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य को पूरा करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा के कुशल नेतृत्व क्षमता एवं संवेदनशीलता के फलस्वरूप गुण्डरदेही अनुविभाग में त्रिस्तरीय पंचायत तथा नगरीय निकाय आम निर्वाचन के कार्य बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि स्थानीय निर्वाचन के कार्यों का क्रियान्वयन अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं कठिन होता है। लेकिन हमारे अधिकारी–कर्मचारियों ने निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य में अपना योगदान देते हुए इसे सफलतापूर्वक संपादित करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है।

### मेडिको-लीगल रिपोर्टिंग पोर्टल पर ..

जिससे हाथ से लिखी रिपोर्ट की अस्पष्टता समाप्त होगी। यह प्रणाली क्रिमीनल एण्ड क्रिमीनल ट्राकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम से एकीकृत है, जिससे पुलिस जांच अधिकारी सीधे रिपोर्ट एक्सेस कर सकेंगे। रिपोर्ट के डिजिटलीकरण से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी, जांच में पारदर्शिता और चिकित्सा–कानूनी दस्तावेजों की विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। मीटिंग वर्कशॉप में जिले के हेल्थ डिपार्टमेंट से डॉक्टर जग जीवन ऊइके सीएमएचओ, डॉ. श्रीमाली सिविल सर्जन, डॉ. जितेंद्र साहू, बीएमओ डौंडी डॉ. विजय सिंह ठाकुर, बीएमओ डौंडी लोहारा डॉ. विनोद चौरका, बीएमओ गुंडरदेही डॉ सतेंद्र मार्कण्डे, डॉ सुनील भारती गुरूर, कल्याण सिंह हॉस्पिटल मैनेजर बालोद एवं रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा एवं ऑपरेटर आर. कृष्णा यादव उपस्थित थे।

### फसल चराने पर विवाद ...

धमकी देकर धक्का मुक्की कर हाथ मुक्का से मेरे गाल में मारपीट किया है। जिससे मेरे आंख के पास दर्द हो रहा है।

### युवक से की मारपीट ...

चारो हाथ मुक्के से मेरे साथ मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे नाक, कान व चेहरे पर चोट आई है।

**खबर संक्षेप**



## विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम धनगांव में इस वर्ष विश्वकर्मा जयंती का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के साथ किया गया। बजरंगबली प्रांगण में मिस्त्री, बढ़ई, ड्राइवर एवं ढलाई गैंग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व गुरु भगवान विश्वकर्मा की भव्य स्थापना बुधवार को की गई। पूरे गांव का वातावरण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। स्थापना अवसर पर प्रांगण में आकर्षक सजावट की गई, जगह-जगह रंग-बिरंगी झालरों, पुष्प मालाओं और रोशनी से वातावरण आलोकित हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में "विश्वकर्मा भगवान की जय" के उद्घोष लगाए। अगले दिन 18 सितंबर 2025 को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व पूजन विधि सम्पन्न की गई। भजन-कीर्तन और आरती के पश्चात भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और पटाखों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बलीराम, उपाध्यक्ष पुसऊ राम, सदस्यगण महेंद्र कुमार, विजय कुमार, काशीराम, उत्तरा पटेल एवं जयराम ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान न होकर, समाज में एकता और सहयोग की मिसाल भी है।गांव के वरिष्ठजन एवं युवाओं ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे हर वर्ष और भी बड़े स्तर पर मनाने का संकल्प लिया।

## रामधुनी प्रतियोगिता का हुआ समापन

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ब्लॉक के ग्राम साल्हेभाट में रामधुनी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



विधायक संगीता सिन्हा ने ग्रामवासीयो को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम हम सबके आदर्श है, श्री राम जी की कथा को हमे अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए। रामचरित मास से हमे सदा दूसरों का हित करने, क्रोध पर नियंत्रण, सत्य, धर्म का पालन, बड़ों के प्रति सम्मान करने, अपने कर्त्तव्य को निभाने की सीख मिलती है, श्री राम की शिक्षा हमे प्रेम कर्तव्य, करुणा और आत्मनियंत्रण पर जोर देती है, जो हमारे जीवन को सार्थक बनाने में सहयोग करती हैं। समस्त ग्रामवासी के मांग पर विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधायक निधि से किचन शेड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुमीत राजपूत, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश मोनू ठाकुर, सरपंच रेशमा तिलेश्वर सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर धुव, पूर्व सरपंच अनुपा साहू, राजूराम साहू, योगेश साहू, देवश्री मधुकर, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

**अभियान**

**आदि सेवा पर्व में जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित**

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा पर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्रामीणों से विकास संबंधी सुझाव लिए गए

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में आदि सेवा पर्व की शुरूआत की गई है। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न ग्रामों में आयोजित किए जा रहे आदि सेवा पर्व के प्रथम दिन कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा पहुंची। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी मौजूद थे। उन्होंने वहां ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे गॉव के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान गांव के कलामंच में बैठकर गांव के विकास के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनसे गांव के विकास हेतु सुझाव लिए तथा उनकी मांगो एवं समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों ने आवास निर्माण, सड़क निर्माण, सीसी सड़क, पेयजल सहित विभिन्न विषयों पर अपनी मांग व समस्या के साथ ही सुझाव दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों को धान के फसल के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया, जिसमें सिंचाई हेतु पानी का उपयोग कम हो। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बदलाव से ही गांव में बेहतर बदलाव नजर आएगा। कलेक्टर ने वहां उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की मांगो, समस्याओं एवं सुझाव को लिखित रूप में दर्ज करने को कहा, जिसे 02 अक्टूबर को होने वाले विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन किया जा सके। इसी प्रकार जिले के आदिवासी बहुल अनेक गांवों में भी आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत आज डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम गुदूम, धोबनी अ, दानीटोला, मथेना, पथराटोला, लिमउडीह, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपराभाट, पिपरखार, कुआंगांव, फुलसुंदरी, महाराजपुर आदि अनेक ग्रामों में आज आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार के लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत हो रहे सेवा पर्व के दौरान जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी सेवात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक गांव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में इन योजनाओं का अनुमोदन होगा। ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, जहां शिकायत निवारण और सेवा वितरण की व्यवस्था होगी। साथ ही ग्राम विकास योजना क्रियान्वयन कैलेंडर बनाया जाएगा, जिससे योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू हो सकेंगी।

# महाविद्यालय में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छ.ग. रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो केएल रावटे एवं नोडल अधिकारी प्रो डीके बरसेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रजत महोत्सव 6 से 12 सितंबर तक संपन्न किया गया।

जिसमें क्रमशः एल्युमनी मीट, विकसित छत्तीसगढ़ 2047 पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी, भाषण, समूह परिचर्चा, पुस्तक मेला, रैली नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी डी के बरसेल, एनएसएस प्रभारी गौसेवक देवांगन, लेखराम हिरवानी, योगेंद्र धुर्वे, रोहित सोरी, स्नेल जोशी, टोमेश्वर साहू, प्रज्ञा कोरपे, डीके रात्रे, सहयोगी के रूप में अतिथि व्याख्याता हितेश राठौर, मोहन साहू, योगेश साहू, प्रेमचंद साहू, हरिशंकर दीवान, सुमन एवं डॉ. नाजमा बेगम एवं छात्र छात्रओं का विशेष योगदान रहा।

# सेजस स्कूल में 53 साइकिल बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे, शिक्षा के प्रति बढ़ा




सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में कक्षा नवमी के अनुसूचित जाति तथा अ नु सू चि त ज न जा ति छात्राओं को 53 साइकिलो का वितरण किया गया। इस दौरान दूरदराज गांव से पैदल आने वाले सभी छात्राओं आने वाली छात्राओं को साइकिल मिलने पर चेहरे में खुशियों की झलक दिखाई दी। जिसके बाद सभी छात्राओं ने प्राचार्य सुनीता यादव तथा समस्त गणमान्य अतिथियों का आभार जताया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ लूनिया भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि इस योजना से वितरित की गई। साइकिल प्राप्त होने के बाद छात्राएं सही समय पर स्कूल पहुंच पाएंगी। जिससे विद्यालय आने जाने वाले छात्राओं को बेहद सुविधा होगी। वास्तव में सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए वरदान सिद्ध हुआ है। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि शासन की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें हर साल कक्षा 9वी की बेटियों को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल देकर उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह योजना छात्राओं को पढ़ने के लिए जागरूक करने में अहम साबित हो रहा है।

प्राचार्या सुनीता यादव ने कहा कि पहले छात्राओं को घर से स्कूल आने में काफी असुविधा होती थी जिसकी वजह से कई छात्राओं ने स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी थी लेकिन जब से यह योजना आई है तब से छात्राओं का घर से स्कूल तक का सफर आसान हो गया है। जिससे छात्राएं पढ़ने में काफी रुचि ले रही हैं।

जनपद सदस्य मंजू संजय बैस ने कहा कि इस योजना ने छात्राओं के सपनों को पंख दे दिए हैं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि वास्तव में समय बचने से पढ़ाई में छात्राएं ज्यादा ध्यान दे रही हैं। व्याख्याता तामसिंग पारकर ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शाला में बालिकाओं के नामांकन को बढ़ाना और स्कूल छोड़ने की दर को कम करना साथ ही उन्हें आने-जाने की सुविधा प्रदान करना है।

जिससे स्कूल तक की दूरी की बाधा समाप्त हो जाती है और वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाती हैं। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना वितरण के प्रभारी चंद्रभूषण डहरे ने बताया कि कक्षा 9वी की अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति तथा बीपीएल परिवारों की बालिकाएं ही इस योजना का लाभार्थी हैं। इस कार्यक्रम में डॉक्टर नसीम खान सदस्य प्रबंधन समिति, समस्त व्याख्याता गण उमा त्रिपाठी, ,इंद्राणी मुखर्जी ,कृतिका साहू ,आशा प्रधान , चंद्रकला सक्सेना,किरण झा, सावित्री स्वर्णकार,दीपमाला जोशी ,रंजना खोबरागड़े,जनक साहू ,दीपमाला जोशी,, देवहूति कोठारी ,शीतल नायक ,रंजना खोबरागड़े ,भारत लाल नायक, ,डॉली मेश्राम विजयलक्ष्मी साहू उमेश सिन्हा, शशि देशमुख, लेमिन सिन्हा तथा समस्त पालकगण उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी में कलेक्टर, अधिकारी, कर्मचारी ने बच्चों व माताओं के साथ साझा किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





राज्य में 17 सितंबर से प्रारंभ पोषण सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने नगर पंचायत गुण्डरदेही के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 में पहुंचकर पोषण सप्ताह का शुभारंभ किया।

■ बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतिदिन मिलने वाली भोजन, नाश्ता जानकारी ली

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें–मुन्हें बच्चों एवं गर्भवती माताओं के साथ जमीन में बैठकर भोजन भी किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अति कुपोषित एवं बच्चों तथा गर्भवती माताओं को रागी का चीला, केला एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष जैन ने बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतिदिन मिलने वाली भोजन, नाश्ता इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बच्चों को केला आदि फलों के साथ–साथ टॉफी भी प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने उपस्थित सभी लोगों को बच्चों, किशोर और महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वस्थ एवं मजबूत बनाने में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

# 9-10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के उप संचालक ने बताया कि रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा 09 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें अभ्यर्थी को रोजगार मेले में शामिल होने के पूर्व रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य है। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय का पोर्टल वर्ष 2024 से ई–रोजगार पोर्टल में परिवर्तित हो गया हैं। जिन आवेदकों ने 2024 के पूर्व पंजीयन कराया है उन्हें वर्ष 2024 से प्रारंभ हुए ई–रोजगार के नए पोर्टल पर अपने मोबाईल के माध्यम से आधार अपडेट कर सकतें हैं।

इसके साथ ही आधार अपडेट नहीं कराने वाले आवेदक राज्य स्तरीय रोजगार मेला में भाग नहीं ले सकेगें। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के उप संचालक ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर हेतु बालोद जिले के 2589 आवेदकों ने ऑनलाईन आवेदन किया है किन्तु 1052 आवेदकों ने अपनी प्रोफाईल पूर्ण नहीं की है। उन्होंने ऐसे आवेदकों को शीघ्र ही अपने मोबाईल से ई–रोजगार के पोर्टल पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला पंजीयन प्रक्रिया ऑप्शन पर क्लिक कर राज्य स्तरीय रोजगार मेला लॉगिन पर क्लिक कर अपना मोबाईल नंबर डालकर ओटीपी से लॉगिन कर रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाईल पूर्ण करने को कहा है। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# भोला राम साहू बने नगर साहू समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की उन्नति और युवाओं की भागीदारी पर दिया बल

नगर साहू समाज डौंडीलोहारा का निर्वाचन साहू सदन में संपन्न हुआ, जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत किये गये। नगर साहू समाज के अध्यक्ष पद हेतु भोला राम साहू का मनोनयन किया गया, इसी तरह उपाध्यक्ष पुरूष साकेत साहू, उपाध्यक्ष महिला राधा बाई साहू, संगठन सचिव पुरूष सुमीत साहू, संगठन सचिव महिला गुलापी बाई साहू का मनोनयन किया गया।

कोषाध्यक्ष पद हेतु राजू साहू, संरक्षक अशोक साहू और संदेश वाहक पद हेतु संतोष कुमार साहू का मनोनयन किया गया।नवमनोनीत अध्यक्ष भोला राम साहू ने कहा कि कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठकों में किया जायेगा। चुनाव संपन्न कराने का दायित्व चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में शिवेन्द्र बहादुर साहू पूर्व प्रदेश मीडिया सलाहकार, कल्याण साहू संरक्षक तहसील साहू संघ व सिया राम शार्वा पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा ने निभाया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राधेश्याम साहू प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा छत्तीसगढ उपस्थित थे। परिक्षेत्रीय साहू संघ संरक्षक संतोष साहू परिक्षेत्र की ओर से चुनाव की प्रक्रिया समझाने उपस्थित थे। पदाधिकारियों के मनोनयन उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधेश्याम साहू ने कहा कि साहू समाज में एकता का अर्थ आपसी सहयोग और सद्भाव से समाज के विकास के लिए सामूहिक रूप से काम करना है, जिसमें शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना एकता का एक महत्वपूर्ण पहलू है। माँ कर्मा जयंती जैसे आयोजनों और तीज महोत्सव जैसे उत्सवों में समाज की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें सशक्त बनाना भी एकता का हिस्सा है। सियाराम शार्वा ने कहा कि समाज में एकता परम आवश्यक है, सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना एकता का एक महत्वपूर्ण पहलू है। माँ कर्मा जयंती जैसे आयोजनों और तीज महोत्सव जैसे उत्सवों में समाज की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें सशक्त बनाना भी एकता का हिस्सा है। कल्याण साहू ने कहा कि हमें समाज में नैतिक गुणों के विकास पर बल देना है साथ ही शाकाहार को अपनाकर हम समाज को श्रेष्ठता के शिखर तक पहुंचायें। शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि शिक्षा सामाजिक असमानताओं को कम करती है और समाज में शांति और समानता की भावना को बढ़ावा देती है, शिक्षा लोगों के दृष्टिकोण को विस्तृत करती है और उन्हें नवीन सत्यों को स्वीकार करने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे सामाजिक परिवर्तन संभव होता है, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष साहू सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज को नई सोच और जज्बे के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने समाज के संगठन में महिला और युवा प्रकोष्ठ के साथ ही अन्य प्रकोष्ठों के गठन पर जोर दिया। उन्होने समाज में युवाओं की सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम को भोला राम साहू, सुमीत साहू, गुलापी बाई, साकेत, राजू साहू ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम मे अशोक कुमार साहू, राजू साहू, हिरोंदी बाई साहू, अंकुश साहू,गिरिश साहू, संतोष कुमार, चंद्र किशोर साहू, कैलाशनाथ साहू, उमाशंकर साहू, डेरहा राम केकती, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवेन्द्र बहादुर साहू ने किया।



# आलीखूंटा स्कूल में नेवता भोज कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ स्व. कामता प्रसाद साहू की स्मृति में शाला में न्योता भोज, बच्चों को मिला पौष्टिक भोजन

संजय नगर डौंडीलोहारा निवासी खिलेश्वरी साहू व पुत्र शिवेन्द्र बहादुर साहू के परिवार द्वारा स्व. कामता प्रसाद साहू की स्मृति में शासकीय प्राथमिक शाला आलीखूंटा , संकुल अछोली में संपूर्ण नेवता भोज का आयोजन किया गया, इस अवसर पर बच्चों को पूड़ी, कलाकंद, बड़ा, मटर पनीर, सलाद, चावल, दाल परोसा गया।



नेवता भोज के आयोजन के उद्देश्य पर खिलेश्वरी साहू ने बताया कि ये नेवता भोज तो एक बहाना है इसका महत्पूर्ण उद्देश्य तो बच्चों से मिलना और उनका उत्साहवर्धन करना है। नेवता भोजन छत्तीसगढ़ में एक सामुदायिक भागीदारी वाली योजना है, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। यह योजना विभिन्न अवसरों पर समुदाय के सदस्यों द्वारा भोजन दान करने पर आधारित है, जिससे बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन मिल सके। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के पोषण स्तर को बढ़ाता है, बल्कि समुदाय के सदस्यों को एक साथ आने और एक नेक काम में योगदान करने का अवसर भी प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, छात्र, और समुदाय के अन्य सदस्य भी शामिल होते हैं, जिससे एक मजबूत सामुदायिक बंधन बनता है। साथ ही उन्होने शिक्षक दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन की नींव रखते हैं। अगर छात्र पेड़ है, तो शिक्षक उसकी जड़ हैं। वे हमें सही दिशा दिखाते हैं और अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। आइए हम सभी मिलकर अपने शिक्षकों का सम्मान करें और उनके बताए रास्ते पर चलें। प्रधानपाठक लैलेश्वरी कलियारी ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने राज्य शासन द्वारा न्योता भोजन की अभिनव पहल की जा रही है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। कोई भी व्यक्ति या सामाजिक संगठन, जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य खास मौकों पर अपने पास के स्कूल, आश्रम या छात्रावास में जाकर बच्चों के लिए न्योता भोजन का कार्यक्रम कर सकता है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खिलेश्वरी साहू प्रधानपाठक लैलेश्वरी कलियारी व वरिष्ठ शिक्षक परमानन्द सिंह साहू का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, ग्राम पटेल विमल साहू, पूर्व ग्राम प्रमुख किशोरी लाल उर्वसा, सरपंच मणिराम बढ़ई, गोपाल सिंह साहू, डीकेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शिक्षक परमानन्द सिंह साहू ने दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मातर उत्सव के लिए ग्रामीणों ने कविता वासनिक को दिया न्योता

**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा को बनाए बनाए रखने के लिए छग के लोक गायिका स्वर कोकिला लोक कला मंच की संचालक कविता वासनिक को 25 अक्टूबर को मातर उत्सव के अवसर पर ग्राम पांगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देने के लिए सौजन्य भेंट कर न्योता दिया गया। इस अवसर पर सुनील चंद्राकर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, यादव समाज अध्यक्ष अवधेश यादव, युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष श्रीकान्त वर्मा, यादव समाज कोषाध्यक्ष नेमलाल यादव, यादव समाज सचिव ओम कल्याण यदु, जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** ग्राम सनौद में स्वच्छता ही सेवा 2025 स्वच्छता उत्सव के तहत ग्राम पंचायत के पास एवं पुलिस थाना के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ उमेश रात्रे द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया। जिसमें सनौद भाजपा मंडल अध्यक्ष व अरकार सरपंच खेमलाल देवांगन, जनपद सदस्य आशीष साहू, सरपंच डिगेश्वर नाथ ठाकुर एवं पंचगण तथा ग्रामवासी ग्राम पंचायत सनौद व स्वच्छाग्राही, स्व–सहायता समूह की महिलायें साथ ही अतिरिक्त सीईओ आरएल. सिरमौर एवं एनके. बागड़े, तकनीकी सहायक चन्द्रशेखर सिन्हा साथ ही ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे। जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में स्वच्छता ही सेवा 2025 स्वच्छता उत्सव के तहत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को जनपद पंचायत सीईओ द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया।

### गरबा के लिए ट्रेनिंग सेशन कल से, मिलेगी फ्री एंट्री

**भिलाई।** दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में इस नवरात्र स्टील क्लब सेक्टर-8 में रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन को लेकर ट्विनसिटी में खासी चर्चा है। महिलाएं खासी उत्साहित हैं। इस इवेंट के लिए ट्रेनिंग सेशन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। 19 से 23 सितंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक एक्सपर्ट्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि रास गरबा और डांडिया के इस आयोजन में एंट्री पूरी तरह से फ्री है। कोई भी इवेंट में शामिल हो सकता है। इस दौरान होने वाली प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन 0788 - 4091720 और 6267136903 में कराया जा सकता है। इस अवसर पर ट्रेडिशनल डांडिया, घूमर गरबा, घोघिया गरबा, बारह ताल गरबा, सनेडो, डाकला, इंडो वेस्टर्न डांडिया का आयोजन किया जाएगा।

निर्देश : व्यर्थ बहने वाले पानी का समुचित उपयोग एवं उचित प्रबंधन करें

# कलेक्टर ने महिला व बाल विकास भवन व प्रधानमंत्री आवास योजना का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज अपने गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम मोंगरी पहुंचकर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 के नवनिर्मित भवन एवं निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास सहित एवं अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन में बच्चों के अध्ययन कक्ष, किचन, स्टोर रूम एवं शौचालय का निरीक्षण कर पानी आदि की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला खनिज न्यास निधि एवं मनरेगा के अभिसरण के माध्यम से इस आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इस नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम मोंगरी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 02 आवासों का निरीक्षण कर निर्माणाधीन आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही साकेत कुमार मण्डावी एवं रूपचंद से बातचीत कर निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अधिकारियों को पेयजल हेतु गांव में निर्मित बोर का अवलोकन कर बोर से व्यर्थ बहने वाले पानी के समुचित उपयोग एवं उचित प्रबंधन करने को कहा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, सरपंच रोशन लाल सोनवानी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# एनएचएम कर्मचारी का हड़ताल जारी

**बालोद।** जिले के एनएचएम कर्मचारी संघ लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, सविलियन, नियमितीकरण, ग्रेड पे, सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे है। कुछ कर्मचारियों की बर्खास्तगी के बाद भी उनका आंदोलन जारी है। बताया गया कि कर्मचारी आज 19 सितंबर को बालोद बस स्टैंड में सुबह 10 बजे से अनशन में रहेंगे, जो सुबह 20 सितंबर तक जारी रहेगा।

जिसके तहत रायपुर तूता धरना स्थल में बालोद जिले के भी कर्मचारी जेल भरो आंदोलन मैं शामिल हुए। विगत एक माह से हड़ताल लगातार जारी है। संघ ने कहा शासन स्तर से जारी दमनकारी आदेश के बावजूद भी जिले सहित प्रदेश भर के सभी 16000 कर्मचारी अपनी मांगो के लिए हड़ताल को निरंतर जारी रखे हुए हैं। शासन स्तर पर यह कहा जा रहा है कि कर्मचारियों की पांच मांगे मान ली गई है। परंतु कर्मचारियों द्वारा लिखित आदेश पर ही हड़ताल समाप्ति की बात कही जा रही है उनका कहना है कि आश्वासन नहीं आदेश चाहिए। कर्मचारियों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि जब स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 30 दिनों में समिति का रिपोर्ट जारी करने को कहा तो प्रशासन द्वारा तीन महीना में समिति का रिपोर्ट आएगा ऐसा पत्र जारी हुआ। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि किस तरह से प्रशासनिक अमला कार्य कर रहा है। पूर्व में भी एक माह में सभी मांगो को निराकरण के लिए कहा गया था, परंतु मांगों का निराकरण नहीं हुआ। कर्मचारी विगत 20 वर्षों से कार्यरत हैं और उनकी समस्या का अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई। इसलिए अब कर्मचारी कह रहे है कि अब आश्वासन नहीं आदेश पर ही हड़ताल समाप्त होगा।

# इंस्टाग्राम में युवती से दोस्ती फिर की 40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इंस्टाग्राम से युवती के साथ दोस्ती कर उसे 40 लाख रुपए का ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया शिक्षक नगर दुर्ग निवासी तुषार गोयल को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने युवती से पहले इंस्टाग्राम से दोस्ती किया। उसके बाद युवती को भरोसे में लेकर आरोपी ने 18 लाख रुपये का सोने का जेवरात को धोखे मे रखकर फायनेस कराया। पीड़ित से आरोपी ने सोना चांदी डायमंड व अलग अलग बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट रकम 26 लाख रुपए को धोखाधड़ी कर निकाल लिया। इसके अलावा आरोपी तुषार ने दो पहिया वाहन, मोबाइल को लेकर ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच में पाया कि कार्रवाई से बचने किराया के मकान में रहता था। हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर आरोपी तुषार ने बताया कि युवती से लिए से लिए सोना, चांदी के जेवरता को गिरवी रखा था। जेवरात की करीब 18 लाख रुपए की होगी।

# विश्वकर्मा जयंती पर हुई भजन संध्या

**डौंडी लोहारा।** शिल्पी के देव विश्वकर्मा बाबा जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया अनेकानेक आयोजनों से बाबा की स्थापना, पूजा और सेवा में जनमानस व्यस्त रहा। ज्ञात हो कि राजमिस्त्री शीतल निषाद के तत्वावधान में मुख्य मार्ग स्थित विश्वकर्मा बाबा दरबार में भजन संध्या का अयोजन किया गया। जिसमे आओ जी विश्वकर्मा भगवन हमरे द्वारे विश्वकर्मा जी है देखो देव महान जैसे सार्थक भजनो के साथ साथ कई प्रेरणादाई भजनों से श्रोता मुग्ध होते रहे। भजन संध्या टीम में तामेश्वरी मसिया, रंजना राजपूत, शीतल निषाद, इमलू निषाद, उमा निषाद, फुलेश्वरी, हेमा संतोष साहू, बिदेशी लाटिया, अंबर आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की।



# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रुप में मना रही हैं, उसी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी पर्यावरण प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश महोबिया ने प्राथमिक शाला चौनगंज के छात्र–छात्रओं को गणवेश का वितरण किया साथ ही बच्चों को न्योता भोज कराया। शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण पटेल, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सतीश महोबिया, पार्षद शैल महोबिया, शाला के शिक्षकगण उपस्थित थे।



# सेजस स्कूल में रजत जयंती मनाई गई

**अंडा।** स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चंदखुरी में छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के आदेशानुसार रजत जयंती 2025 एलुमनी मीट का कार्यक्रम शाला परिवार, भुतपूर्व विद्यार्थी एवं जनभागीदारी समिति द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें शिक्षिको ने राजगीत गाकर एवं छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने भूतपूर्व विद्यार्थियों का बाजे गाजे व फुलों की बरसात कर स्वागत किया। पूर्व विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों का पुष्प गुच्छ तिलक लगाकर स्वागत किया तत्पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व विद्यार्थियों ने अपना अपना विद्यार्थी जीवन का खट्टी मीठी यादें अनुभव साझा किया गया। जनभागीदारी एवं पूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य व शिक्षकों को श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त राजेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी एवं मंच संचालन पूर्व विद्यार्थी अनिल देशमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिखा मिश्रा प्राचार्य, राजेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, भूपेन्द्र साहू समाजसेवी व सदस्य, राजेश चंद्राकर, विक्की मिश्रा,अनिल देशमुख, दीपराज चंद्राकर, राजा साहू, मनीष निर्मलकर, दुर्गेश साहू, सुशील देवांगन, पोषण देवांगन, सुरेश राउत, प्रतीक जैन, दुर्गा निर्मलकर, सुनीता साहू, ईशा साहू, मनीषा देशमुख , किरण शर्मा,वर्षा तिवारी, टिवंकल, लता चंद्राकर, दिव्या तिवारी, विजय लक्ष्मी चौहान, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

- रजत जयंती एलुमनी मीट में हुआ नृत्य–संगीत



# संजारी में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा संजारी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक शशांक साहू द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

बच्चों ने शपथ ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के साथ-साथ समाज को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी जीवन शैली में शामिल करना चाहिए। शपथ ग्रहण के पश्चात विद्यार्थियों एवं शाला के कर्मचारियों ने मिलकर शाला परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा की गई साफ-सफाई ने ग्रामीणों को भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक भुवन लाल देवांगन ने उपस्थित विद्यार्थियों, स्टाफ और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी से अपील की कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए। कार्यक्रम में शाला परिवार के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इनमें प्रधानपाठक भुवन लाल देवांगन, सहायक शिक्षक शशांक साहू, व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ,स्वयंसेवी शिक्षक अंबे ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता पुष्पा भुआर्य, सहायिका धनेश्वरी कौशिक, शाला के स्वीपर रणवीर यदु तथा रसोईया टीजू राम निषाद और सरोज बाई सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित किया।



# ठेठवार समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में जिला संगठन ठेठवार यादव समाज बालोद की बैठक संपन्न हुई। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना किया गया। महासचिव बलदेव यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए चर्चा के प्रमुख बिंदुओं को सभा में रखा, साथ ही कोषाध्यक्ष की अनुपस्थिति में आय व्यय की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया।

जिला संगठन के अध्यक्ष उत्तम यादव ने आग्रह किया कि आगामी दिनों में बालोद राज द्वारा आयोजित युवक –युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक सूची लोहारा राज, गुण्डरदेही राज तथा संजारी राज भी शामिल होवें। समाज के संरक्षक हीरालाल यादव ने कहा कि व्यक्ति से परिवार और परिवारों से समाज बनता है। समाज की एकता को मजबूत करने के लिए मातृत्व शक्ति, युवा शक्ति, वरिष्ठ व्यक्तियों सभी की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। हर परिवार भगवत गीता का अध्ययन करें। गो पालन को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। राष्ट्र निर्माण में यादव समाज को सदैव की तरह आगे रहना है और कमजोर वर्ग को भी आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर मोहनलाल यादव, छगनलाल यादव, विष्णु प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष उत्तम यदु, महासचिव बलदेव यादव, अंकेक्षक पवन यादव, पदेन उपाध्यक्ष भूषण यादव, केशव यादव, हीरालाल यादव, चंद्रेश यादव, गोवर्धन यादव, देवेंद्र यदु, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, कांतिलाल, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप, महासचिव बालोद राज एलेंद्र यादव, सहसचिव घनश्याम यादव, संरक्षक दिलीप यादव, सलाहकार जीवन यादव, हेमंत यादव, दीपक यादव, देवांगन समाज से जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन सहित अन्य मौजूद रहे। यह जानकारी जिला संगठन के मीडिया प्रभारी जयप्रकाश यादव ने दिया।



# साहू संघ की बैठक में पदाधिकारी चुने गए

**बालोद/कलंगपुर।** छ.ग. प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार पुरे प्रदेश भर में जिला, तहसील, परिक्षेत्र और ग्रामीण स्तरीय चुनाव संपन्न कराया जा रहा है। इस क्रम में परिक्षेत्र साहू समाज कलंगपुर के तत्वाधान में 16 गाँवो के ग्रामीण साहू समाज का चुनाव संपन्न कराया गया।

इस चुनाव में समाज सेवा के लिए पुरुषों के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, ग्रामीणों के लिए पांच पदों के लिए चुनाव कराया गया जो व्यक्ति अपने उच्च सदन के पदाधिकारियों का चयन करेंगे। चयनित पदाधिकारियों में अध्यक्ष के लिए ग्राम कुमली से घनाराम साहू, मोखा से भिखम साहू, परसदा से कचरू राम साहू, रजोली से पुन्नालाल साहू, बोरगहन से भीखमराम साहू, फूंडा से उर्वशी साहू, बरबसपुर से हेमशंकर साहू, कजराबांधा से बिसेसर साहू, चराचार, कलंगपुर से नारायण चन्दन, पेंड्री से विजय साहू, चारभाठा से पूनमचंद साहू, भोथिपार से नेतराम साहू, खपरी से दीनदयाल साहू, पिनकापार से वासुदेव साहू निर्वाचित हुए हैं।

परिक्षेत्र साहू समाज के निवर्तमान अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों को समाज सेवा में भाग लेने के लिए बधाई दी है एवं आगामी परिक्षेत्र चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए निवेदन भी किया है।



### हायर सेकंडरी की छात्राओं को बांटी साइकिल

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकोसा हिंदी अंग्रेजी विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण का वितरण किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ शासन की योजना के तहत छात्राओं को सरस्वती योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। इसमें क्षेत्र के जनपद सदस्य आशिफ गहलोत, शाला विकास समिति अध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, महेश महीलकर, कुलेश्वर तिवारी, डामन चौरे और प्राचार्य गेनडरे साथ में मधुबाला कौशल, शिक्षिका कोसरे, जीपी और संस्था के शिक्षक शिक्षिकागण और पालक को बुलाकर साइकिल को वितरण किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# कबड्डी प्रतियोगिता में मस्तूरी टीम प्रथम

**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला में आजाद क्रीड़ा मंडल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गय, जहां छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले से कुल 40 टीमों ने भाग लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश साहू थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत अरमरीकला सरपंच घनेद्र साहू ने किया, विशिष्ठ अतिथि भूपेंद्र साहू, भागी राम साहू, चेतन गंगबेर, महेश गंगबेर एवं समस्त पंच गण उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में मस्तूरी बिलासपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार मचांदुर दुर्ग, तृतीय पुरस्कार बासीन गुरुर, चतुर्थ पुरस्कार कंवर बालोद की टीम ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि नरेश साहू ने कहा हमारे ग्राम के छोटे-छोटे युवा साथियों का यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है, निश्चित ही इस प्रकार के आयोजनों से गांव में एकता की भावना, संगठन बना रहता है, खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है, आप हर साल आयोजन कराओ मेरा सहयोग मिलता रहेगा। सरपंच घनेद्र साहू ने कहा कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते है। मैच में कमेंट्री बिट्टू बनपेला, पेमन साहू, जागृत साहू ने अपने बातों से दर्शकों को बांधे रखा।

आयोजन को कराने में भिनेश साहू, रूपेश साहू, प्रीत पटेल, टेकराम पटेल, खेमलाल साहू, लोकेंद्र साहू, तेजेश पटेल, राजा साहू, जागृत साहू, चंद्रहास सिन्हा, राहुल, ताराचंद पटेल, खोमेश पटेल, बंटी यादव, पप्पू पटेल, शेखर साहू, बबलू ठाकुर सहित समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग रहा।



